1/

आदर्श प्रश्न पत्र (Model Question Paper)

विषय - वैदिक अध्ययन

पूर्णाङ्क (M.M.) - 100

कक्षा - HSP.I (ग्यारहवीं)

अवधि (Duration) - 3 hours

भाग 'क' अपठित गद्यांश 10 अंक

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

"महर्षि पराशर एवं सत्यवती के पुत्र महर्षि वेदव्यास की विश्वप्रसिद्ध रचना महाभारत एक विशाल ग्रन्थ है। चारों वेदों का विभाग करने पर उनका नाम वेदव्यास हुआ। इनके शरीर का रंग काला होने से इन्हें कृष्ण और यमुना के द्वीप पर जन्म लेने के कारण द्वैपायन कहा गया। इनके द्वारा रचित महाभारत एक आर्ष महाकाव्य है। महाभारत भारतीय लौकिक साहित्य में वाल्मीकीय रामायण के बाद की एक अद्वितीय रचना है। महाभारत ऐतिहासिक ग्रन्थ होने के कारण प्राचीन संस्कृति का निरूपक है अतः इसे भारतीय ज्ञान विज्ञान का कोश भी कहा जाता है। महाभारत में कौरव - पाण्डवों के वंश का इतिहास एवं उनके राज्याधिकार को लेकर युद्ध का वर्णन है। महाभारत में 18 पर्व हैं।

प्र०1 वेदव्यास जी की माता का नाम लिखे। 2 अंक

प्र०2 कृष्णद्वैपायन किसका नाम है? 2 अंक

प्र०3 वेदव्यास जी की कौन सी रचना विश्वप्रसिद्ध हुई? 2 अंक

प्र०4 महाभारत के कितने पर्व हैं? 2 अंक

प्र०5 इस गद्यांश के शीर्षक (title) का नाम लिखें। 2 अंक

Scanned by CamScanner

भाग 'ख' रचनात्मक लेखन 20 अंक

किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखें — 5×4 = 20

प्र०1 वेदों के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

प्र०2 ऋग्वेद का सामान्य परिचय दीजिए।

प्र०3 यजुर्वेद का महत्त्व लिखिए।

प्र०4 सामवेद का परिचय दीजिए।

प्र०5 देवताओं के प्रकार बताते हुए किन्हीं पाँच देवताओं के नाम लिखिए।

प्र०6 वैदिक समाज में नारी के महत्त्व पर प्रकाश डालें।

भाग 'ग' 20 अंक

अ. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 3×4 = 12 अंक

प्र०1 पुरूरवा उर्वशी संवाद का सारांश लिखिए।

प्र०2 यजुर्वेद का अर्थ लिखते हुए उसके दो प्रकारों का नाम लिखिए।

प्र०3 चार आश्रमों के नाम लिखिए।

प्र०4 चार वर्णों के नाम लिखिए।

प्र०5 पंचजनों के नाम लिखिए।

प्र०6 उपनिषद शब्द का अर्थ लिखकर किन्हीं दो उपनिषदों के नाम लिखिए।

प्र०7 राजा के गुणों का वर्णन कीजिए।

ब. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2×4 = 8 अंक

प्र०1 'वेदानां सामवेदोऽस्मि' किसने कहा है?

प्र०2 साम शब्द का क्या अर्थ है?

प्र०3 ऋग्वेद में कितने मण्डल हैं?

Scanned by CamScanner

प्र०4 शतपथ ब्राह्मण में कितने अध्याय है?
प्र०5 शतपथ ब्राह्मण किस वेद से सम्बन्धित है?
प्र०6 वेद शब्द का क्या अर्थ है?
प्र०7 चार वेदों के नाम लिखें।

भाग 'घ' पठित अवबोध 50 अंक

अ. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। $5 \times 4 = 20$ अंक

प्र०1 ऋग्वेद की शाखाओं का सामान्य परिचय दीजिए।
प्र०2 ऋषि शब्द का अर्थ लिखते हुए किसी एक ऋषि का परिचय दीजिए।
प्र०3 इन्द्र देवता अथवा अग्नि देवता का परिचय दीजिए।
प्र०4 वैदिक समाज में आश्रम व्यवस्था पर प्रकाश डालिए।
प्र०5 शुक्लयजुर्वेद अथवा कृष्णयजुर्वेद का सामान्य परिचय दीजिए।
प्र०6 राज्य के स्वरूप को दर्शाते हुए राजा की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
प्र०7 वैदिक समाज में स्त्री के सम्पत्ति के अधिकार का वर्णन कीजिए।

ब. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए — $4 \times 5 = 20$ अंक

प्र०1 वैदिक युग में राजा के कर्त्तव्यों का विवेचन करें।
प्र०2 सभा और समिति में क्या अन्तर है? स्पष्ट करें।
प्र०3 आतिथि शब्द का क्या अर्थ है? वैदिक साहित्य में अतिथि सत्कार को महत्त्व क्यों दिया गया है?

Scanned by CamScanner

प्र०4 वैदिक मूल्यों की उपयोगिता का वर्णन कीजिए।
प्र०5 ब्रह्मचर्याश्रम के कर्त्तव्यों का वर्णन कीजिए।
प्र०6 सरमा-पणि संवाद को अपने शब्दों में लिखिए।

स. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए — 2 × 5 = 10 अंक

प्र०1 धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष ये चार ____ हैं।
प्र०2 निरुक्त के रचनाकार ____ हैं।
प्र०3 मैक्समूलर के गुरु का नाम क्या था?
प्र०4 पुराणी युवती किसे कहा जाता है —
(क) उषा देवी (ख) इन्द्र (ग) रुद्र
प्र०5 ऋग्वेद के कितने मण्डल हैं?

———— o ———— o ————

Dr. Varchas Ram Sharma
Lect. in Sanskrit
Govt. HSS Katra
Mob- 9906363047

Scanned by CamScanner